वेबसाईट: www.abvp.org
पंजिकृत क्रमांक: S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय- 3,मार्बलआर्च, सेनापतीबापटमार्ग, माटुंगारोड (प.रे.), माहिम, मुंबई-400016.
दूरभाष :(022) 24306321 / 24378866फैक्स :24313938 ई–मेल :abvpkendra@gmail.com

दि. 15 दिसम्बर 2019

-: प्रेस विज्ञप्ति :-

जामिया विश्वविद्यालय क्षेत्र में आगज़नी एवं दंगा भड़काने की घटना पर हो शीघ्र कार्यवाही : अभाविप

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, देश के प्रतिष्ठित जामिया मिल्लिया इस्लामिया विश्वविद्यालय के आसपास के क्षेत्र में हुई दंगा भड़काने की कोशिश एवं आगज़नी की घटना की उच्च स्तरीय जाँच की माँग करती है और साथ ही दोषियों के विरुद्ध तुरंत कार्यवाही की भी माँग करती है।

AAP पार्टी के एक नेता द्वारा सम्बोधित रैली से निकली अराजक तत्वों की भीड़ JMI विवि एवं आसपास के क्षेत्र में तोड़फोड़ की घटना पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए, इस प्रकार के हिंसक तथा भययुक्त वातावरण को सुधारते हुए शीघ्र सामान्य हालात बनाने की भी आग्रह करती है। देशविरोधी ताक़तें देश की राजधानी में अराजकता का वातावरण फैलाने का काम कर रही है, इसकी भी पड़ताल करने ही माँग अभाविप करती है।

अभाविप की राष्ट्रीय महामंत्री निधि त्रिपाठी ने कहा कि, "कुछ असामाजिक तत्वों ने जिस तरह से जामिया मिल्लिया इस्लामिया तथा आसपास के क्षेत्र को हिंसात्मक गतिविधियों से अशांत किया है, वह अत्यंत निंदनीय तथा देश को तोड़ने की गतिविधि है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इस घटना में आंदोलन को हिंसक बनाने की भूमिका में AAP, पांथिक उन्मादियों एवं देशविरोधी तत्वों की जाँच की भी माँग करती हैं।"

(यह प्रेस विज्ञप्ति केन्द्रीय कार्यालय मंत्री नीरज चौधरकर द्वारा जारी की गई है।)